an>

Title: Need to extend financial assistance again for construction of toilets to families who once availed financial help for the purpose.

श्री लक्ष्मी नारायण यादव (सागर) ः देश में स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है जिसके तहत ग्रामों में शौचालय बनाये जा रहे हैं। देश में एक करोड़ से अधिक ऐसे लोग हैं जिन्होंने पूर्व में 500 रूपये से लेकर 1500 रूपये सरकार से लेकर शौचालय बनाये थे, उनमें से अधिकतर टूट गये परंतु दोबारा उन्हें सरकार से मदद नहीं मिल पा रही है, क्योंकि नियम के अनुसार एक बार ही शौचालय निर्माण में सरकार आर्थिक मदद करती है और दोबारा मदद नहीं करती। इस कारण से देश के ग्रामीण क्षेत्रों में अधिकांश शौचालय बनाने में बाधा आ रही है।

मैं सरकार से मांग करता हूं कि जिन लोगों ने शौचालय का निर्माण हेतु पूर्व में सरकार से मदद ली है, अगर वे पुनः शौचालय निर्माण हेतु अनुरोध करें तो सरकार को निधारित 12000 रूपये की मदद ग्रामीण क्षेत्रों में एक परिवार को शौचालय निर्माण हेतु आर्थिक सहायता करनी चाहिए, जिससे स्वच्छता अभियान को पूर्ण रूप से सफल बनाया जा सके।